आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 13.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण में रिकॉर्ड वृद्धि, प्रतिदिन औसतन 24 गुना बढ़े पंजीकरण।
- उत्तराखंड जल विद्युत निगम की 132वीं बोर्ड बैठक में परियोजनाओं, पद पुनर्गठन और तकनीकी समूह गठन सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।
- उत्तरकाशी के बड़कोट और चिन्यालीसौड़ में जल्द शुरू होगी हेली सेवा।
- देहरादून सिटी फॉरेस्ट पार्क की सुरक्षा और प्रबंधन सख्त, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी और अतिरिक्त सुरक्षा तैनाती का निर्णय।

जागरूकता

राज्य में समान नागरिक संहिता—यूसीसी लागू होने के बाद से विवाह पंजीकरण को लेकर लोगों में जागरूकता तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में प्रतिदिन होने वाले विवाह पंजीकरण की औसत संख्या में 24 गुना तक की वृद्धि दर्ज की गई है। हाल के महीनों में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को लेकर लोगों की भागीदारी पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है। एक रिपोर्ट—

राज्य में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद 27 जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक छह माह की अवधि में तीन लाख से अधिक विवाह पंजीकरण किए गए। वहीं वर्ष 2010 में लागू पुराने अधिनियम के तहत 26 जनवरी 2025 तक कुल 3 लाख 30 हजार से अधिक विवाह पंजीकरण हुए थे। पुराने कानून के अंतर्गत प्रतिदिन औसतन 67 विवाह पंजीकरण होते थे, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर प्रतिदिन एक हजार 634 तक पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार, समान अवसर और समान सम्मान देना है। विवाह पंजीकरण में आई वृद्धि यह दर्शाती है कि जनता ने इस व्यवस्था को स्वीकार किया है और इसे सामाजिक सुधार के रूप में देखा है।

बैठक आयोजन

उत्तराखंड जल विद्युत निगम—यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 132वीं बोर्ड बैठक सचिवालय में आयोजित की गई, जिसमें निगम से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने की। एक रिपोर्ट—

बैठक में निगम के स्थायी और अस्थायी पदों के पुनर्गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही नई परियोजनाओं के तकनीकी आकलन और मार्गदर्शन के लिए एक विशेषज्ञ तकनीकी समूह के गठन को भी मंजूरी मिली।

यह समूह परियोजनाओं की तकनीकी व्यवहार्यता, डिजाइन और क्रियान्वयन से जुड़े सुझाव देगा। समूह पिथौरागढ़ जिले में प्रस्तावित सेला–उर्थिंग जलविद्युत परियोजना, मोरी–त्यूनी जलविद्युत परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं पर आवश्यकतानुसार कार्य करेगा।

बैठक में लखवाड़ परियोजना के विद्युत यांत्रिक कार्यों के लिए अद्यतन लागत और संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में चमोली जिले की उर्गम लघु जलविद्युत परियोजना के पुनरोद्धार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निवेश योजना को अनुमोदन दिया गया। त्यूनी–प्लासु परियोजना में विद्युत यांत्रिक उपकरणों की स्थापना के लिए निविदा आमंत्रित करने, पिथौरागढ़ जिले की तांकुल परियोजना के सिविल डिजाइन और इंजीनियरिंग के लिए वित्तीय स्वीकृति देने के प्रस्ताव भी पारित किए गए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के विद्युत उत्पादन की स्थिति पर भी चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान तक निगम के विद्युत गृह अपने निर्धारित लक्ष्य से 84 मिलियन यूनिट आगे चल रहे हैं।

## बहुउद्देशीय शिविर

प्रदेश सरकार के 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार, प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत विकासनगर विकासखंड की न्याय पंचायत लांघा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी विनोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में छह सौ से अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 27 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इस अभियान के माध्यम से शासन को गांव–गांव तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से जनता की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

## दौड़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल गांधी पार्क देहरादून में स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का "उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत" का संदेश युवाओं को निरंतर प्रेरित करता रहेगा और यह देश की मजबूत नींव के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी।

मुख्यमंत्री ने वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्टार्टअप, मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे अभियानों को सबको मिलकर आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, अनुशासन अपनाने, शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का भी आह्वान किया।

## बजट

केंद्रीय बजट 2026–27 पहली फरवरी से लोकसभा में पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र इस महीने की 28 तारीख से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में बताया कि सदन में बजट पेश करने की प्रक्रिया पहली फरवरी को सवेरे 11 बजे शुरू होगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसद सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा।

## हेली और बस सेवा

उत्तरकाशी ज़िले के बड़कोट और चिन्यालीसौड़ में जल्द ही हेली सेवा शुरू की जाएगी। इसके साथ ही उत्तरकाशी–चिन्यालीसौड़–चंडीगढ़ के लिए नियमित रोडवेज बस का संचालन भी किया जाएगा।

भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर दोनों विषयों पर चर्चा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

हेली सेवा शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आपदा या मरीजों की आपात स्थिति में उन्हें शीघ्र स्थानांतरित करने में सुविधा होगी।

वही, उत्तरकाशी से चिन्यालीसौड़ होते हुए चंडीगढ़ के लिए रोडवेज बस के संचालन से क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिलेगी। इससे विशेष रूप से चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में इलाज के लिए जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और उत्तरकाशी व चंडीगढ़ के बीच आवाजाही आसान होगी।

## निर्णय

देहरादून स्थित सिटी फॉरेस्ट पार्क की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन को लेकर की ओर से सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। पार्क परिसर में मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पार्क के संचालन, रख–रखाव और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई अहम फैसले किए गए।

बैठक में पार्क के सभी कर्मचारियों के लिए आई–कार्ड और बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पार्किंग क्षेत्र और पार्क के भीतर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों व माली की तैनाती, रात्रिकालीन सुरक्षा बढ़ाने और पार्क के अंतिम छोर पर सिक्योरिटी हट के निर्माण का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन और अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में पार्क के भीतर किसी भी प्रकार के कंक्रीट या सिविल निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि प्राकृतिक स्वरूप और जैव विविधता सुरक्षित रह सके।

ट्राउट मछली उत्पादन/स्वरोजगार

उत्तरकाशी ज़िले के सिंगोट गांव में ट्राउट मत्स्य पालन स्वरोजगार की मिसाल बनकर सामने आया है। यहां श्री नागराजा मत्स्य जीवी उत्पादन सहकारी समिति द्वारा प्रति वर्ष करीब तीन टन ट्राउट मछली का उत्पादन किया जा रहा है, जिसकी आपूर्ति भारत–तिब्बत सीमा पुलिस– आई.टी.बी.पी और स्थानीय बाजार में की जा रही है।

ग्रामीणों ने सहकारिता विभाग से जुड़कर इस समिति का गठन किया था, जो अब आत्मनिर्भरता और रोजगार का सशक्त उदाहरण बन चुकी है। समिति से जुड़े सिंगोट निवासी विनय कलूड़ा के अनुसार, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत मत्स्य विभाग से 44 लाख रुपये का ऋण लिया गया, जिसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी मिली। गांव में आजीविका सृजन के उद्देश्य से समिति ने 20 ट्राउट मछली टैंक और 6 स्थानीय मछली टैंक स्थापित किए हैं, जिससे सालाना 20 से 22 लाख रुपये का उत्पादन हो रहा है।

ट्राउट मछली 60 हजार रुपये प्रति क्विंटल और स्थानीय मछली 300 रुपये प्रति किलो की दर से बेची जा रही है। समिति का लक्ष्य भविष्य में उत्पादन बढ़ाकर 5 टन और वार्षिक आय 30 लाख रुपये तक पहुंचाने का है। वर्तमान में समिति से 34 सदस्य जुड़े हैं, जबकि 14 अन्य लोगों को भी रोजगार मिला है।

आकाशवाणी देहरादून के लिये उत्तरकाशी से आशीष मिश्रा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

अंकित भंडारी प्रकरण पर दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है सीबीआई जांच की संस्तुति पर शासन ने केंद्र को भेजा पत्र। वहीं इसी खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र में लिखा है वीआईपी की जांच के लिए सीबीआई को भेजा पत्र, पत्र में सरकार ने अंकिता हत्याकांड का ब्योरा दिया सीएम बोले, किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

जंगलों की आग की खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है धधक रहे फूलों की घाटी से लगे जंगल, वायु सेना से मदद मांगी। खबर के अनुसार फूलों की घाटी से सटे जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है इस पर काबू पाने के लिए वन विभाग ने वायु सेना की मदद के लिए सरकार से आग्रह किया है, विभाग ने डीएम चमोली के जरिए इस संबंध में सोमवार को आपदा प्रबंधन सचिव को पत्र लिखा